4. Poster/slogan/quiz in Dept. of History from 3rd-4th March 2021

कदम से कदम मिला रही नारी शक्ति

मिशन शक्ति

माई सिटी रिपोर्टर

कैंपस और कॉलेजों में आयोजित हुए कार्यक्रम, वक्ता बोले- संस्कृति में देवी की तरह पूजी जाती हैं महिलाएं

मेरठ। सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कैंपस के गुरुकुल स्ट्रीट आवास पार्क में बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजकुमार ने कहा कि हमारी संस्कृति में महिला को देवी की तरह पूजा जाता है। आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। सीसीएसयू के कुलपति प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा ने कहा कि हमारे संविधान में महिलाओं को पुरुषों के बराबर का अधिकार दिया गया है। प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि महिला के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

इस मौके पर शिविर में 70 से अधिक बच्चों का हुआ परीक्षण औषधि वितरित की गई। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. बिंदु शर्मा ने बताया कि सात मार्च तक कार्यक्रमों की शृंखला चलेगी। डॉ. संगीता गुप्ता, एसीएमओ डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. रचना, डॉ. सुनीता चौहान, डॉ. निधि भाटिया, डॉ. शिखा वशिष्ठ का सहयोग रहा।

ललित कला विभाग में अंतर महाविद्यालय पोस्टर प्रतियोगिता हुई। नारी तू नारायणी विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में नव्या ने प्रथम, सुमैया ने द्वितीय एवं सुप्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में संयोजिका डॉ. अलका तिवारी, डा. बिंदु शर्मा, डॉ. पूर्णिमा वशिष्ठ रहीं।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक कराएं और प्रतिदिन उसकी प्रगति आख्या जिला व शासन स्तर पर भेजें।

सीसीएसयू के आवास पार्क में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला और कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी। ब्यूरो

चित्रकला में ज्योति प्रथम और नव्या रहीं द्वितीय

एनएएस कॉलेज में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राएं और साथ में शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। एनएएस कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें ज्योति प्रथम, नव्या ने द्वितीय तथा अभिषेक गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. वीपी राकेश ने किया। कार्यशाला संयोजिका डॉ. अलका तिवारी, गरिमा कौशिक, दीपांजलि, कार्यालय अधीक्षक अभिषेक भाटिया का योगदान रहा।

कनोहर लाल कॉलेज में डॉ. अंजलि विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान इलाहाबाद डिग्री कॉलेज द्वारा ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन प्राचार्य डॉ. किरण प्रदीप के निर्देशन में हुआ।

संयोजन डॉ. वेणु वनिता एवं स्मृति यादव ने किया। डॉ. अंजलि ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के बारे में जानकारी दी। प्रीति सिंह और सोनिका नागर का विशेष सहयोग रहा। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर दिल्ली रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शुरू हुआ।

शुभारंभ प्राचार्य डॉ. किरण प्रदीप एवं सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने किया। आरजी कॉलेज में डॉ. पल्लवी रस्तोगी ने शारीरिक समस्याओं पर जानकारी दी। ब्यूरो

साइबर क्राइम से बचें छात्राएं

कर्मवीर सिंह का स्वागत करतीं प्रिंसिपल।

मेरठ। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल शास्त्रीनगर में साइबर सिक्योरिटी पर सब इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी।

प्रधानाचार्य डॉ. अल्पना शर्मा ने पौधा देकर अतिथि का स्वागत किया। मेरठ कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. अल्पना रस्तोगी ने प्रेरित कहानियों के माध्यम से छात्राओं और महिलाओं को जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. सरिता वर्मा, डॉ. निशा मनीष, डॉ. राधा मिश्रा, डॉ. विभाग तोमर, डॉ. सीमा रानी, डॉ. मोनिका भटनागर आदि का योगदान रहा।

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता हुई। निर्णायक डॉ. अनीता गोस्वामी एवं गीता चौधरी रहीं। प्रतियोगिता में चेतना प्रथम, रेशु द्वितीय रहीं। संवाद